फोर लेन बनाना

7. श्री (डॉ0) अच्युतानन्द—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 10 नवम्बर, 2012 के अंक में छपी खबर "715 कि0मी0 एन0एच0 सिंगल लेन वाले" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में आज भी 715 कि0मी0 एन0एच0 सिंगल लेन वाले हैं जबकि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश, बंगाल एवं झारखण्ड में फोर लेन वाले एन0एच0 का निर्माण हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित 715 कि0मी0 सिंगल लेन वाले एन0एच0 को फोर लेन में बदलने के लिए कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लक्ष्य पूरा करना

8. श्री विक्रम कुँअर—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 15 नवम्बर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "अटक रही इंदिरा आवास आवंटन की स्पीड" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि इंदिरा आवास आवंटन की दर में अपेक्षित तेजी नहीं आ रही है, कुल 38 में से 21 जिलों में पचास फीसदी से कम कार्य हुए हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्ष्य पूरा करने हेतु विभाग द्वारा जिले के सभी उप–विकास आयुक्त एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिए गए हैं फिर भी लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लक्ष्य पूरा करने के लिए कौन–सी कार्रवाई करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटनाः
दिनांक 05 दिसम्बर, 2012 (ई0)।

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 159—डी0टी0पी0—450